गुरुवार
01 जून, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज





मतदाताओं को लुभाने के लिए दी जा रही शराब तो घर बैठें करें शिकायत 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

# मैट्रिक टॉपर छात्र-छात्राओं को मिलेगी इंजीनियरिंग व मेडिकल की मुफ्त शिक्षा

- मेधावी छात्र-छात्राओं के हित में बिहार सरकार ने लिया बड़ा फैसला
- पांच जून से आवेदन आवंटित किए जाएंगे और जुलाई महीने से होगी पढ़ाई की शुरुआत

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मैट्रिक टॉपर छात्र-छात्राओं को इंजीनियरिंग और डॉक्टर की पढ़ाई के लिए परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी और न ही खर्च करने पड़ेंगे। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बड़ा बयान देते हुए बुधवार को कहा है कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इस वर्ष से मैट्रिक में टॉपर हुए छात्र छात्राओं को इंजीनियरिंग और मेडिकल की मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। आनंद किशोर ने कहा कि टॉपर्स के लिए इस वर्ष से मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले बच्चों के लिए निशुल्क हॉस्टल दिया जाएगा। बांकीपुर



गर्ल्स स्कूल में टॉपर छात्राओं का और पटना कॉलेजिएट स्कूल में टॉपर छात्रों को रहने की व्यस्था की जाएगी।

आनंद किशोर ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मार्च महीने में ही यह निर्णय लिया था कि जो मेधावी छात्र हैं उनकी बेहतर शिक्षा के लिए मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई सरकार की ओर से फ्री होनी चाहिए। इसके बाद हम लोगों ने तैयारी की और इस वर्ष से शुरूआत करने का निर्णय लिया, जिसके फलस्वरूप इसी वर्ष जून के प्रथम सप्ताह में पांच जून से आवेदन आवंटित किए जाएंगे और जुलाई महीने से पढ़ाई की शुरूआत हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों के आधार पर छात्र-छात्रा चयनित होंगे। निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी।

## बिहार सरकार उठाएगी खर्च

समिति के अध्यक्ष ने बताया कि इस योजना के तहत आवास की व्यवस्था, बुक्स और कोचिंग साथ ही रहने खाने पीने सब की व्यवस्था की जाएगी। मेधावी छात्र-छात्रों के लिए ये यह सुनहरा मौका है और यह सारी व्यवस्था बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के टॉपर छात्र छात्रों के लिए है। छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने के लिए कोई भी स्टडी मैटेरियल नहीं लेना होगा। सारी व्यवस्था बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा किया जाएगा। हॉस्टल में कमरे के अलावा एक अतिरिक्त स्टडी रूम भी रहेंगे और सारा खर्च बिहार सरकार उठाएगी।

## शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के लिए 15 जून से देना होगा आवेदन

बिहार लोक सेवा आयोग ने 1 लाख 70 हजार 461 शिक्षकों की नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन मंगलवार की रात को जारी कर दिया। शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के लिए 15 जून से 12 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा।
परीक्षा का आयोजन 19, 20, 26 और 27 अगस्त को किया जाना है। रिजल्ट दिसंबर तक आएगा। अभ्यर्थी बीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट www.bpsc.bih.nic.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।
**इन पदों पर होगी भर्ती:** कक्षा 1 से 5 तक के लिए – 79 हजार 9 सौ 43 पद
कक्षा 9–10 के लिए – 32 हजार 9 सौ 16 पद
कक्षा 11–12 के लिए – 57 हजार 6 सौ 02 पद

**आयु सीमा:** सभी पदों पर नियुक्ति के लिए न्यूनतम एवं अधिकतम उम्र सीमा के लिए कट-ऑफ तारीख 1 सितंबर 2023 होगी।
प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक के लिए कट-ऑफ डेट 1 अगस्त 2023 को अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापक के लिए अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 1 अगस्त 2023 को 21 वर्ष है।
अधिकतम आयु अनारक्षित (पुरुष)– 37 वर्ष, पिछड़ा वर्ग, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग, पिछड़े वर्ग की महिला एवं अनारक्षित महिला– 40 वर्ष एवं अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (पुरुष एवं महिला)– 42 वर्ष

**अनुभवी शिक्षकों का होगा चयन :** आनंद किशोर ने बताया कि मेडिकल और इंजीनियरिंग पढ़ाने वाले को शिक्षक का चयन किया जा रहा है। वैसे शिक्षक जो पूर्व में मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करवा रहे हैं उनकी योग्यता को देखते हुए उन्हें चयन करने की प्रक्रिया की जा रही है। शिक्षक का चयन विज्ञापन के आधार पर होगा, जिन्हें पूर्व में आईआईटी और मेडिकल के कोचिंगों में पढ़ने का अनुभव रहा हो।

# भागलपुर में जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या, दहशत

## बिहार में अपराधी बेलगाम, कानून-व्यवस्था बेहाल

**केटी न्यूज/भागलपुर**

भागलपुर जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र के धोबिया काली रोड में बीते मंगलवार की रात एक जमीन कारोबारी की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान अलीगंज महेशपुर के रहने वाले जमीन कारोबारी राकेश कुमार सिंह के रूप में की गई। युवक को एक-एक कर चार गोली मारी गई थी। एक गोली पीछे से कनपटी में तो तीन गोली पीठ पर लगी है। गोली लगने के बाद जमीन कारोबारी राकेश सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटनास्थल से एक बाइक बरामद की गई है। रात के करीब 9 बजकर 15 मिनट के आसपास की यह घटना है। सूचना मिलते ही सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी और कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। हबीबपुर थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौके पर पहुंचे पुलिस के एक पदाधिकारी ने बताया कि आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज को खंगाला जा रहा है। मृतक की पहचान बबरगंज थाना क्षेत्र के अलीगंज महेशपुर के रहने वाले जमीन कारोबारी राकेश कुमार सिंह के रूप में हुई है।

**छह साल से जमीन का कारोबार करता था राकेश:** बताया जा रहा है कि राकेश कई वर्षों से प्लॉटिंग का काम करता था। पैसे की लेनदेन में कई बार कई लोगों से बहस भी हो चुकी है। इस मामले में राकेश के भाई मोनू सिंह ने बताया कि उनका भाई छह वर्षों से जमीन का कारोबार कर रहा था। कुछ लोगों के पास उनके भाई का लाखों रुपया बकाया था. वह कई बार पैसे को लेकर मांगने भी गए थे, लेकिन इन्हें नहीं दिया जा रहा था। हो सकता है उसी की दुश्मनी निकालने के लिए यह हत्या की गई है।

## गया में भाजपा नेता के घर पर बम से हमला

**गया।** गया में भाजपा के शीर्ष युवा नेता के घर पर अज्ञात बदमाशों ने एक के बाद एक चार सीरियल बम ब्लास्ट किया है। इस हमले में भाजपा नेता और उनका परिवार बाल-बाल बच गए हैं। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गए है। दरअसल, जिले के शीर्ष युवा भाजपा नेता,शेरघाटी कचौड़ी पंचायत के पूर्व मुखिया और अखिल भारतीय मधेशिया वैश्य सभा के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता के करमौनी स्थित आवास पर मोटर साइकिल सवार दो बदमाशों ने एक पर एक सीरियल चार बम ब्लास्ट कर भाग खड़े हुए है। मिली जानकारी अनुसार बीती रात करीब 2.00 बजे दो बदमाश मोटर साइकिल से डोभी के तरफ से आए और घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। वहीं बम छत के रेलिंग से टकराकर फट गया। घटना के समय भाजपा नेता संतोष कुमार अपनी पत्नी और बच्चों के साथ घर में मौजूद थे। हालांकि बम की इंटेंसिटी काफी तेज थी। बम दीवार से टकराकर विस्फोट हो गया और दीवार पर दरारे पड़ गई है। बता दें कि, इस बम विस्फोट में कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## खबरें फटाफट

### देश के करीब 40 मेडिकल कॉलेज गंवा चुके हैं मान्यता

**नई दिल्ली।** नेशनल मेडिकल कमीशन के तय किए गए स्टैंडर्ड का पालन नहीं करने पर पिछले दो महीनों में देश के करीब 40 मेडिकल कॉलेज मान्यता गंवा चुके हैं। तमिलनाडु, गुजरात, असम, पंजाब, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में करीब 100 और मेडिकल कॉलेजों पर भी ऐसी ही कार्रवाई की जा सकती है। एनएमसी ने एक महीने से अधिक समय तक किए गए निरीक्षण के दौरान इन मेडिकल कॉलेजों में कई खामियां पाईं। सीसीटीवी कैमरे, आधार से जुड़ी बायोमेट्रिक एटेंडेंस प्रोसेस और फैकल्टी रोल में खामियां मिली हैं। ये कॉलेज सही कैमरा लगाने और उनके कामकाज सहित अन्य स्टैंडर्ड फॉलो नहीं कर रहे थे। बायोमेट्रिक सुविधा ठीक नहीं थी। कई डिपार्टमेंट्स में फैकल्टी पोजिशन की पोस्ट खाली मिलीं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2014 के बाद से मेडिकल कॉलेजों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने फरवरी में राज्यसभा को बताया था कि देश में 2014 में 387 मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन अब 69 प्रतिशत इजाफे के साथ इनकी संख्या 654 हो चुकी है। इसके अलावा, टइयर सीटों में 94 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है जो वर्ष 2014 के पहले की 51,348 सीट से बढ़कर अब 99,763 हो गई हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजमेर में आयोजित जनसभा में लगाए आरोप

# कांग्रेस हर योजना में 85 फीसदी कमीशन खाने वाली पार्टी : मोदी

- हमारे देश में विकास के काम के लिए पैसे की कमी कभी नहीं रही
- कांग्रेस ने देश की करोड़ों महिलाओं व बच्चों के जीवन से किया खिलवाड़

**एजेंसी/अजमेर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राजस्थान के अजमेर में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने देश विकास के दावों पर कहा कि विकास का जाल बिछा है, लोग सवाल करते हैं कि आखिर मोदी इतने पैसे लाता कहां से है? मैं बताता हूं कि मोदी विकास के लिए पैसे कहां से लाता है। कहा, कि आप सोचिए पहले पैसे कहां जाते थे, और आज कहां जा रहे हैं। हमारे देश में विकास के काम के लिए पैसे की कमी कभी नहीं रही। यह जरूरी होता है जो पैसा सरकार भेजे, वो पूरा पैसा विकास कार्यों में ही लगे। लेकिन कांग्रेस ने अपने शासन में देश का खून चूसने वाली ऐसी भ्रष्ट व्यवस्था बना दी थी, जो देश के विकास को खाए जा रही थी। पीएम मोदी ने देश पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के एक बयान का जिक्र कर कहा कि पूर्व पीएम राजीव गांधी ने भी माना था कि कांग्रेस सरकार ऊपर से 100 पैसे भेजती है, तो 85 पैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते हैं। मतलब एक रुपए में कांग्रेस 85 फीसदी गायब कर देती थी। पीएम मोदी ने कांग्रेस को 85 फीसदी कमीशन खाने वाली पार्टी बताया।

**9 सालों में हाईवे और रेलवे पर 24 लाख करोड़ खर्च:** पीएम मोदी ने कहा, बीजेपी सरकार ने बीते 9 सालों में देश का जो विकास किया, वो इसलिए संभव हो पाया कि बीजेपी कांग्रेस के लूट





के रास्तों को बंद कर रही है। इन 9 सालों में बीजेपी सरकार ने आधुनिक हाईवे और रेलवे पर 24 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने किस तरह देश की करोड़ों महिलाओं और बच्चों के जीवन से खिलवाड़ किया है। इसका उदाहरण कांग्रेस के समय चला टीकाकरण अभियान है। जब कांग्रेस की सरकार थी तो देश में टीकाकरण का दायरा कम हुआ। 100 में से 40 गर्भवती महिलाएं और बच्चे ऐसे होते थे, जिन्हें जीवन रक्षक टीके नहीं लग पाते हैं। अगर कांग्रेस होती तो देश में टीकाकरण की कवरेज 100 प्रतिशत होने में 40 साल और लग जाते और कितनी पीढ़ियां बीत जाती।

**कांग्रेस को जनता की चिंता नहीं:** मोदी ने कहा 5 साल पहले राजस्थान की जनता ने कांग्रेस को जिताया। लेकिन बदले में राजस्थान को क्या मिला। अस्थिरता और अराजकता। यहां 5 साल से विधायक, मंत्री, मुख्यमंत्री आपस में लड़ने में बिजी हैं। राजस्थान की जनता की कांग्रेस को कोई चिंता नहीं है। अपराध चरम पर है।

## मोदी जी तो भगवान को भी समझा सकते हैं : राहुल गांधी

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका दौरे पर गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात कर उन्हें संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा समेत आरएसएस पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा, राजनीति के लिए जिन संसाधनों की जरूरत पड़ती है उन्हें ये नियंत्रित कर रहे हैं। इसी के साथ राहुल ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा। कहा, मुझे लगता है हमारे देश के प्रधानमंत्री उनमें से एक हैं। मोदी जी को अगर भगवान के साथ बैठा दें तो वो भगवान को समझाना शुरू कर देंगे कि ब्रह्मांड कैसे काम करता है।

**खालिस्तान जिंदाबाद' के लगे नारे:** राहुल गांधी के कार्यक्रम में हॉल में बैठे खालिस्तानी समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। उन्होंने हवा में खालिस्तानी झंडे लहराए और 'खालिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाए। जवाब में राहुल गांधी ने कहा, 'नफरत के शहर में मोहब्बत की दुकान'।

## अयोध्या में गोरखपुर बाईपास हाईवे पर बनेगा एलीवेटेड रोड

**अयोध्या।** अयोध्या में गोरखपुर बाईपास हाईवे पर एलीवेटेड रोड बनाया जाएगा। यह रोड करीब 4 किमी लंबा होगा। इस फ्लाईओवर के निर्माण पर 264.26 करोड़ रुपए खर्च होगा। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद की बोर्ड बैठक में बुधवार को इस पर फैसला लिया गया। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद अयोध्या में गोरखपुर बाईपास रोड के दोनों तरफ नई अयोध्या योजना का विकास कर रहा है। बीच से हाईवे निकलने की वजह से योजना को आपस में जोड़ने में दिक्कतें आ रही थी। इसी वजह से आवास विकास परिषद ने एलिवेटेड रोड बनाने का फैसला लिया है।






## पश्चिमी देशों में मंदी की आशंका के बीच भारत ग्लोबल इकॉनमी के लिए ब्राइस स्पॉट बनकर उभरा है

# देश के जीडीपी के चौथी तिमाही के आंकड़े अनुमान से बेहतर

**एजेंसी/नई दिल्ली**

इकॉनमी के मोर्चे पर अच्छी खबर है। जीडीपी के चौथी तिमाही के आंकड़े अनुमान से कहीं बेहतर रहे हैं। फाइनेंशियल ईयर 2022-23 की जनवरी से मार्च तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 6.1 परसेंट रही। साल 2022-23 में जीडीपी ग्रोथ 7.2 फीसदी रही। फाइनेंशियल ईयर 2023 में इकॉनमी पहली तिमाही में 13.1 फीसदी, दूसरी तिमाही में 6.2 फीसदी और तीसरी तिमाही में 4.5 फीसदी बढ़ी। जानकारों ने जनवरी-मार्च 2023 तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 4.9 से 5.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। लेकिन यह अनुमानों से कहीं बेहतर रही। उम्मीद की जा रही थी कि एग्रीकल्चर सेक्टर में मजबूती और डोमेस्टिक डिमांड बढ़ने से भारतीय अर्थव्यवस्था को सपोर्ट मिल सकता है।




पश्चिमी देशों में मंदी की आशंका के बीच भारत ग्लोबल इकॉनमी के लिए ब्राइस स्पॉट बनकर उभरा है। यूरोप की सबसे बड़ी इकॉनमी वाला देश जर्मनी मंदी में फंस चुका है जबकि अमेरिका पर पहली बार डिफॉल्ट होने का खतरा मंडरा रहा है। वर्ल्ड बैंक और आईएमएफ जैसी संस्थाओं का कहना है कि भारत में मंदी आने की संभावना न के बराबर है।

जीडीपी के आंकड़े राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय जारी करता है। एनएसओ के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत थी। जीडीपी ग्रोथ रेट 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में चार प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के अनुसार, पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में यह 9.1 प्रतिशत थी। ग्रॉस वैल्यू एडेड के प्रॉविजनल अनुमानों के मुताबिक फाइनेंशियल ईयर 2023 में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की रफ्तार 1.3 परसेंट रही। फाइनेंशियल ईयर 2022 में इस सेक्टर की ग्रोथ 11.1 फीसदी रही थी। हालांकि एग्रीकल्चर, फोरेस्ट्री और फिशिंग की ग्रोथ 2023 में चार परसेंट रही जबकि 2022 में इनकी रफ्तार 3.5 फीसदी रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने दूसरे अग्रिम अनुमान में देश की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी। चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2023 की पहली तिमाही में 4.5 प्रतिशत रही थी।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने चौथी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 2022-23 के 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। आरबीआई के गर्वनर शक्तिकांत दास ने हाल में कहा था कि अगर भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट सात प्रतिशत से अधिक रहती है तो उन्हें हैरानी नहीं होगी। किसी भी देश के लिए जीडीपी के आंकड़े अहम होते हैं क्योंकि वे देश की इकॉनमी की सेहत बयां करते हैं। इनसे पता चलता है कि इकॉनमी कैसा प्रदर्शन कर रही है और आर्थिक गतिविधियां कैसी हैं। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर नीतियां बनाई जाती हैं।

# तंबाकू का सेवन करने से 80 प्रतिशत लोगों को होता है कैंसर, बचाव जरूरीः डॉ. वरुण

**केटी न्यूज/बक्सर**

वर्ल्ड नो टोबैको डे के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल और रिसर्च सेंटर तथा जिला स्वास्थ समिति के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को जीएनएम कॉलेज से जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही, कॉलेज परिसर में जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच तंबाकू को लेकर जागरूकता फैलाने था। जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान जीएनएम स्कूल के विद्यार्थियों ने शहर के चौक चौराहा पर लोगों क तंबाकू का सेवन न करने के लिए प्रेरित किया। जिसके बाद स्कूल सभागार में जरूरत सभा का आयोजन किया। दूसरी ओर, जीएनएम कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, कविता और पोस्टर के माध्यम से लोगों को तंबाकू का सेवन न करने का संदेश दिया।

**तंबाकू का सेवन करने से हो रही है कई खतरनाक बीमारी :** होमी भाभा कैंसर अस्पताल और रिसर्च सेंटर के चिकित्सक डॉ. वरुण सांक्रित ने बताया कि तंबाकू का सेवन करने से कई खतरनाक बीमारी हो रही है। जिसमें कैंसर मुख्य रोग है। 80 प्रतिशत लोगों को तंबाकू का सेवन करने के कारण कैंसर होता है।



आजकल लोगों में तंबाकू की लत बहुत ज्यादा लग रही है। इसमें से ज्यादा नवयुवक शौकिया रूप से तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। जो बाद में युवकों को अपना आदी बना ले रहा है। उन्हें खुद पता नहीं चल पाता है और बाद में चाह कर भी वो तंबाकू छोड़ नहीं पाते हैं। युवकों में इसकी शुरूआत परिवार के लोगों से ही होती है। घर में बड़े बुजुर्ग छोटे बच्चों के सामने तंबाकू का सेवन करते हैं या फिर उनके द्वारा दुकान से तंबाकू या इससे निर्मित मंगाते हैं जिसके कारण धीरे-धीरे बच्चों का भी झुकाव तंबाकू की ओर होने लगता है। साथ ही, वो भी तंबाकू का सेवन करने के लिए प्रेरित होते हैं। इसलिए भविष्य को बचाने के लिए पहले खुद तंबाकू सेवन को बंद करना होगा व दूसरे लोगों को जागरूक करना होगा।

**तम्बाकू का सेवन करने से 11 साल कम हो जाती है आयुः** वहीं, डॉ. आयुषी ने बताया कि तंबाकू का सेवन करने से व्यक्ति की आयु 11 साल तक कम हो जाती है। साथ ही यह कई बीमारियों को भी करण होता है। इसलिए कैंसर व अन्य बीमारियों से बचने के लिए हमें तंबाकू का त्याग करना आवश्यक है। साथ ही, तंबाकू हृदय की सेहत के लिए भी नुकसानदायक है। उन्होंने बताया कि एक घंटे की अप्रत्यक्ष स्मोकिंग से हृदय तक रक्त पहुंचाने वाली धमनियों की आंतरिक परत को नुकसान हो सकता है, जिससे हृदयघात का खतरा बढ़ सकता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार अप्रत्यक्ष धूम्रपान के कारण बच्चों में सुनने की क्षमता कम हो जाती है, वे बहरे भी हो सकते हैं। बच्चों में श्वसन संबंधी रोग होने की संभावना भी बढ़ सकती है, अस्थमा और सडन इंफेंट डेथ सिंड्रोम होने का खतरा भी बढ़ जाता है। मौके पर जीएनएम स्कूल की प्रिंसिपल जागृति सिंह, डॉ. अनुराधा सिंह, कीर्ति पांडेय, सोनू सिंह, शुभम मानसिहका, संध्या कुमारी, अनूप तिवारी व अन्य मौजूद रहें।

## डीएम ने मंडई बीयर परियोजना एवं एनएच-119डी भारतमाला परियोजना का निरीक्षण किया

# भारतमाला परियोजना के चयनित गांवों में शिविर लगा कागजी कार्रवाई पूरी करें: डीएम



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

- भूमि सुधार उप समाहर्ता समेत सभी अधिकारियों को लंबित कार्यों को पूरा करने की दी चेतावनी
- योजना के तहत जहानाबाद जिले में 38 किमी में होना है सीएंडजी का कार्य

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने बुधवार को अपने क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत मोदनगंज अंचल अंतर्गत मंडई बीयर परियोजना एवं एनएच-119डी भारतमाला परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपस्थित कुछ रैयतों एवं कार्यपालक अभियंता से वातार्लाप किया गया। रैयतों ने बताया कि उनके द्वारा कागजात जमा किए गए हैं, लेकिन आवश्यक दस्तावेज अपूर्ण रहने के कारण मुआवजा का भुगतान लंबित है। जिलाधिकारी ने अंचल अधिकारी, मोदनगंज को निदेश दिया गया कि इस परियोजना बांध के नजदीक गांव में कैम्प आयोजित कर तथा उक्त कैम्प में स्वयं एवं संबंधित राजस्व कर्मचारी, अमीन और जिला भू-अर्जन कार्यालय के कर्मचारी सभी दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर कागजातों का जांच करें एवं मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

निरीक्षण में एनएच-119डी भारतमाला परियोजना के सी एंड जी (क्लियरिंग एंड ग्रब्बिंग) कार्य का मुआयना किया। उक्त निरीक्षण में परियोजना निदेशक, एनएचएआई एवं कार्यकारी एजेंसी के जीएम तथा उपस्थित रैयतों से वातार्लाप किया गया और अंचल अधिकारी, मोदनगंज को निदेश दिया गया कि जो भी रैयतीकरण के लंबित मामले हैं, उसका प्रतिवेदन भूमि सुधार उप समाहर्ता को उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने भूमि सुधार उप समाहर्ता को निदेश दिया गया कि रैयतीकरण के लंबित मामलों का निष्पादन शीघ्र करना सुनिश्चित करें।

निरीक्षण में बताया गया कि एनएच 119डी भारतमाला परियोजना में जहानाबाद जिला में 38 किलोमीटर में 31.5 किलोमीटर का सीएंडजी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने कार्यकारी एजेंसी के जीएम को निदेश दिया कि तीन दिनों के अंदर सीएंडजी के कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, जिलाधिकारी ने अंचल अधिकारी को निदेश दिया कि नियमित निरीक्षण करते रहेंगे तथा कार्यकारी एजेंसी से समन्वय स्थापित कर तीन दिनों के अंदर सीएंडजी कार्य सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।

## योजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए हर तीन माह में दिशा की बैठक अनिवार्य

**जहानाबाद।** सांसद सह जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष चन्देश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक संबंधित पदाधिकारियों के साथ करते हुए कई महत्वपूर्ण समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय ने सांसद को पौधे का गमला देकर स्वागत किया गया। साथ ही, डीडीसी पारितोष कुमार ने बिहार विधान परिषद् के सदस्य डॉ. प्रमोद कुमार, कुमार नागेन्द्र उर्फ रिंकु यादव, अनील कुमार, रामबली यादव व मखदुमपुर विधान सभा सदस्य सतीश कुमार को पौधे देकर स्वागत किया।बैठक में माननीय सांसद ने अपने संबोधन में बताया कि दिशा का मुख्य उद्देश्य है सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का सही दिशा में सही समय पर क्रियान्वयन हो कर अच्छे से अनुपालन हो सके। उन्होंने बताया कि दिशा की बैठक प्रत्येक तीन महीनें पर आयोजित की जाए। ताकि ससमय सरकार की क्रियान्वित योजनाओं का सही दिशा में अनुपालन हो सके। सांसद ने कंडिकावार प्रश्न एवं इस पर प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन जिला प्रशासन द्वारा तैयार पीपीटी की प्रस्तुति को ध्यान से देखा तथा सदस्यगणों ने आग्रह किया कि अनुपालन प्रतिवेदन में कोई त्रुटि रह गयी हो तो सदन में अवगत कराया जाए। बैठक में अनुपालन प्रतिवेदन के माध्यम से विभागवार व कंडिकावार अवगत कराया गया। जिस पर सभी उपस्थित सदस्यगण ने संपुष्टि की।

जिलधकारी ने जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति के बारे में क्रमवार जानकारी दी। जिसकी समीक्षा अध्यक्ष समेत उपस्थित विधान सभा/परिषद सदस्यगणों तथा जनप्रतिनिधियों ने किया। सांसद ने सभा में उपस्थित जिला स्तरीय पदाधिकारीगण को संबोधित करते हुए निर्देश दिया कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी से ससमय पूर्ण कराया जाए तथा जनप्रतिनिधिगण द्वारा उठाए गए प्रश्नों एवं दिए गए सुझाव तथा अनुशंसित योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए अविलंब पूर्ण कराएं। कार्यपालक अभियंता, विद्युत को निदेश दिया गया कि जहां जहां जर्जर तार लगे हुए है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर बदलने की कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। पर्यटन दृष्टिकोण एवं सूफी सर्किट से जुड़े काको अवस्थित बीबी कमाल के मजार को टाउन फीडर से विद्युत आपूर्ति के लिए जोड़ने का निदेश दिया।

## विशेष अभियान चलाकर एक बाल श्रमिक को कराया मुक्त

**जहानाबाद।** श्रम संसाधन विभाग के निर्देश पर विशेष अभियान के तहत संयुक्त धावा दल के द्वारा सघन जांच के दौरान फिदाहुसैन मोड़ जहानाबाद स्थित शान्ति बिहार होटल (लौज) से नालंदा जिला के 12 वर्ष के एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। विमुक्त बाल श्रमिक को बाल कल्याण समिति, जहानाबाद के समक्ष उपस्थित कर बाल गृह में भेज दिया गया है। धावा दल के द्वारा नियोजक के विरुद्ध संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। बाल श्रमिकों से किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान में कार्य कराना गैर कानूनी है। बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार से लेकर 50 हजार तक जुमार्ना और दो वर्षो तक के कारावास का प्रावधान है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में नियोजकों से 20 हजार प्रति बाल श्रमिक की दर से अलग से राशि में की वसूली की जायेगी। श्रम अधीक्षक श्री शशि शेखर के द्वारा जहानाबाद जिलावासियों से अपील किया गया कि किसी भी बच्चें को काम पर नहीं लगाये और किशोरों (14-18 वर्ष) से खतरनाक नियोजन में काम नहीं लें। बच्चों का सही स्थान स्कूल एवं खेल का मैदान है, न की दुकान/प्रतिष्ठान। उन्होने बताया की धावा दल के द्वारा नियमित रूप से प्रत्येक सप्ताह विषेष अभियान के तहत जिले के सभी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में सघन जांच करायी जा रही है। आज के इस धावा दल में श्री पंकज कुमार, श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी, काको, प्रेम कुमार प्रसाद, श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी, घोषी, सुनैना कुमारी, श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी, जहानाबाद सदर, विकास कुमार गौतम, जन साहस, जहानाबाद, स्थानीय नगर थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी शामिल थे।

# ऑटो पलटने से युवक की मौत

**रोहतास।** जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र में बुधवार की दोपहर एक ऑटो के पलट जाने से उसपर सवार एक युवक की मौत हो गई। ऑटो में सवार दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी लोग बिक्रमगंज के वार्ड संख्या 2 के तेंदुनी गांव के रहने वाले थे। सभी ऑटो में सवार हो बसगतिया गावं से अपने गांव तेंदुनी लौट रहे थे। इसी क्रम में बिक्रमगंज-डुमरांव रोड पर अचानक अनियंत्रित हो ऑटो पलट गया। जिससे उसपर सवार संतोष राम. 35 वर्ष, हरेन्द्र राम. 45 वर्ष, और विजय राम गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जुटे लोगों ने घायलों की पहचान कर परिजनों को सूचना दिया। परिजन आनन-फानन में घटना स्थल के लिए रवाना हो गए। मौके पर पहुंचे पूर्व वार्ड पार्षद लड्डु सिंह ने सभी को बिक्रमगंज के करुणा हॉस्पीटल में इलाज के लिए ले जाया गया। डॉक्टरों ने संतोष राम को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि अन्य दो का इलाज जारी है।

मृतक सतोष राम तेंदुनी के रामाशीष राम का बेटा बताया जाता है। मौत की सूचना के बाद रामाशीष राम के घर कोहराम मच गया। मृतक का एक बेटा और दो बेटी है, सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची बिक्रमगंज थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# हत्या मामले में पांच को आजीवन कारावास

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ राकेश कुमार सिंह की अदालत ने हत्याकांड में शामिल पांच आरोपी को दोषी करार करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं सबूतों के अभाव में अभियुक्त खिरोधर यादव को रिहा कर दिया गया। बताते चलें कि 17 मार्च 2022 को काको थाना क्षेत्र के भेलु बिगहा निवासी रविंद्र यादव की हत्या उसी गांव के रहने वाले पप्पू यादव, सुनील कुमार, नितीश कुमार, रौशन कुमार,राजीव कुमार एवं खिरोधर यादव के द्वारा की गई



थी। इस संबंध में लोक अभियोजक सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि मृतक का भाई नागेंद्र यादव ने काको थाना में अभियुक्तों के विरुद्ध केस दर्ज कराया था।

जिसमें अभियोजक ने बताया था कि गांव के ही रहने वाले सभी अभियुक्तों ने उसके भाई रविंद्र यादव को रात में बुलाया एवं साजिश के तहत षड्यंत्र रच कर, उसकी हत्या कर दी। जिसके बाद उसके शव को छुपाकर बधार में फेंक दिया था। साथ हीं उसने बताया की पूर्व में भी उक्त अभियुक्तों के द्वारा उन लोगों पर जानलेवा हमला किया गया था। जिसमें वे बाल बाल बचे थे। साथ ही, अभियुक्तों के द्वारा बराबर जान से मारने की धमकी दी जाती थी। वहीं सरकार की तरफ से मामले में पैरवी कर रहे लोक अभियोजक सुरेंद्र प्रसाद ने इस मामले में कुल 6 गवाहों की गवाही कराई थी। गवाहों के मद्देनजर रखते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ राकेश कुमार सिंह ने हत्या के मामले में पांच अभियुक्त को भादवि की धारा 302 के तहत दोषी करार करते हुए आजीवन कारावास एवं 20000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को 6 माह अतिरिक्त कारावास की सजा हो सकती है। वहीं शव को छुपाने में तीन वर्ष की सश्रम कारावास, हत्या की साजिश रचने में दस वर्ष की सश्रम कारावास एवं आर्म्स एक्ट के तहत दोषी करार करते हुए सभी अभियुक्तों को तीन वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

## बोले सिविल सर्जन : संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने में मातृ शिशु अस्पताल होगा कारगर साबित

# वर्ष 2023-24 के लिए रखा गया 90,601 संस्थागत प्रसव का लक्ष्य

**केटी न्यूज/सासाराम**

संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए सरकार सभी सरकारी अस्पतालों में बेहतर सुविधा मुहैया करा रही है। साथ ही कई मुहिम भी चलाए जा रहे हैं। इस वजह से संस्थागत प्रसव में काफी बेहतर सुधार देखने को मिला है। इधर रोहतास जिले में भी संस्थागत प्रसव का बेहतर परिणाम देखने को मिल रहा है। संस्थागत प्रसव में रोहतास जिला प्रदेश की उपलब्धि से महज 4 फीसदी दूर रही। संस्थागत प्रसव में जिले ने 55. 1 फीसदी लक्ष्य हासिल किया है। संस्थागत प्रसव को और बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तर से लेकर जिला स्तर तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसका परिणाम है कि सरकारी अस्पतालों में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिल रहा है। जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार रोहतास जिले में पिछले 1 वर्षों में 49908 संस्थागत प्रसव हुए हैं, जिसमे निजी अस्पतालों में 24997 व जिले के सरकारी अस्पतालों में 24911 संस्थागत प्रसव कराया गया है। वही विभाग ने वर्ष 2023-24 के लिए रोहतास जिले में 90,601 संस्थागत प्रसव के लक्ष्य रखा है। जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल महीने में 3500 संस्थागत प्रसव कराया गया है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।



**संस्थागत प्रसव में सासाराम प्रखण्ड अव्वल :** रोहतास जिले में संस्थागत प्रसव के मामले में सासाराम प्रखण्ड सबसे आगे है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 1 साल में सासाराम प्रखंड में 8587 संस्थागत प्रसव कराए गए जबकि दूसरे नंबर पर डिहरी है जहां 5150 संस्थागत प्रसव कराए गए। वहीं तीसरे स्थान पर बिक्रमगंज है जहां 3897 संस्थागत प्रसव कराए गए। कोचस में 3138, नोखा में 3012, नौहट्टा में 1511, चेनारी में 2046, काराकाट में 3250, नासरीगंज में 2133, तिलौथू में 1623, अकोढ़ीगोला में 1776, करगहर में 3280, दिनारा में 3236, शिवसागर में 2442, रोहतास में 1128, दावथ में 1360, राजपुर में 887, संझौली में 724, तथा सबसे कम सूर्यपुरा में 680 संस्थागत प्रसव कराया गया है।

**मातृ शिशु अस्पताल की होगी अहम भूमिका :** सिविल सर्जन डॉक्टर केएन तिवारी ने बताया कि मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए संस्थागत प्रसव एक बेहतर तरीका है। संस्थागत प्रसव में जिला का बेहतर परिणाम रहा है। संस्थागत प्रसव के लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही है। सिविल सर्जन ने बताया कि सदर अस्पताल में निमार्णाधीन 100 बेड्स का मातृ शिशु अस्पताल संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने में कारगर साबित होगा। इस अस्पताल में प्रसव के लिए अत्याधुनिक उपकरण एवं व्यवस्थाएं मुहैया कराई जा रही है। इससे मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी ही नहीं बल्कि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने में कारगर साबित होगा। उन्होंने बताया कि एक माह के भीतर यह अस्पताल पूरी तरह चालू हो जाएगा।

## एक नजर

### सुनंदिनी कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी कार्यकताओं का हुआ उन्मुखीकरण

**अरवल।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के अंतर्गत आंगनवाड़ी सेविकाओं के शैक्षणिक स्तर के उन्नयन के लिए सुनंदिनी कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकताओं का उन्मुखीकरण अरवल जिला के दो प्रखंडों करपी एवं कलेर में किया गया। दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम की शुरूआत 30 मई को करपी एवं कलेर में तथा 31 मई को जिला मुख्यालय में संपन्न कराया गया। बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड के डॉ. सुबोध कुमार सिन्हा एवं डॉ. गायत्री कुमारी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकताओं का उन्मुखीकरण किया गया। समेकित बाल विकास निदेशालय एवं बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में करीब 250 आंगनबाड़ी कार्यकताओं का उन्मुखीकरण किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के तहत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा विषय पर आंगनवाड़ी कार्यकताओं के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के लिए शुरू किया गया है। बिहार प्रथम राज्य है जहां इस कार्यक्रम की पहल करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकताओं का उन्मुखीकरण किया जा रहा है।



### सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट ने मांगों को ले किया धरना प्रदर्शन

**जहानाबाद।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट की जिला कमेटी ने बुधवार को 7 सूत्री मांगों को लेकर जिलाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन किया। जिसमें बिजली बिल में व्यापक धांधली, प्रीपेड मीटर पर रोक लगाने, सरकारी स्कूलों व अस्पतालों में शिक्षा स्वास्थ्य की बदहाल स्थिति के खिलाफ एवं शहर में जर्जर सड़क के निर्माण, बिजली विभाग द्वारा बिजली चोरी के नाम पर किये जा रहे छापामारी कर मनमाना जुमार्ना किए जाने पर रोक लगाने समेत अन्य मांग शामिल रहें। प्रदर्शन रैली जहानाबाद गांधी मैदान से निकलकर समाहरणालय तक गया। इस अवसर पर प्रदर्शनकारी बिजली कंपनी के मनमानी के खिलाफ आक्रोश पूर्ण नारे लगा रहे थे। गरीब किसान-मजदूरों के पास मनमाना बिजली बिल भेजना बंद करो, स्मार्ट मीटर लगाकर बेतहाशा बिजली बिल वसूलना बंद करो, प्रीपेड मीटर पर रोक लगाओ, छापामारी के नाम पर जनता के ऊपर आर्थिक डाकेजनी बंद करो, सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था ठीक करो, अस्पताल में इलाज की व्यवस्था ठीक करो, ग्राम बरबट्टा से देवरथ तक जर्जर रोड का निर्माण करो, ग्राम देवरथ में 2008 से ही स्वीकृत प्राथमिक विद्यालय का भवन निर्माण करो, ग्राम देवड़ा में संचालित टेन प्लस टू विद्यालय में पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था करो, शराबबंदी के नाम पर गरीबों पर जुल्म ढाना बंद करो, जैसे आक्रोश पूर्ण नारे लगा रहे थे। जुलूस समाहरणालय गेट पर जाकर सभा के रूप में तब्दील हो गई। जहां वक्ताओं ने लोगों को संबोधित किया।




### तेज रफ्तार ट्रक ने दो छात्रों को रौंदा, दोनों की घटनास्थल पर हुई मौत, लोगों ने किया जाम

**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज बाजार में अहले सुबह आज हुए दो छात्रों की दर्दनाक मौत के कारण पूरे बाजार में अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। घटना को लेकर पूरे बाजार की सभी दुकानें स्वतः दुकानदारों ने बंद कर दी। इस तरह के विभत्स घटना देखने के बाद लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। हुलासगंज बाजार स्थित जहानाबाद मोड के पास साइकिल सवार दो स्कूली छात्रों को एक ट्रक द्वारा बुरी तरह रौंद दिए जाने से दोनों की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई। दोनों मृतक के शरीर का कोई भी भाग साबुत नहीं बचा। दोनों छात्र की पहचान लोगों द्वारा उसके कपड़े तथा साइकिल पर रखे किताब कॉपी से की गई। बाद में इसकी जानकारी कोकरसा गांव के ग्रामीणों को दी गई। लोगों ने आकर मृतक के शव की पहचान की जिसमें हुलासगंज हाई स्कूल के कक्षा10 के छात्र अनिकेत कुमार दशरथ प्रसाद का पुत्र बताया गया तथा रोशन कुमार पिंटू प्रसाद का पुत्र बताया गया है। ग्रामीणों एवं परिजनों के घटनास्थल पर पहुंचने के बाद की स्थिति काफी तनावपूर्ण था। घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मियों के साथ तू तू मैं मैं तथा सड़क के बगल में खड़ी को जिस तरफ से दुर्घटना हुई उस पर लोगों ने अपना गुस्सा प्रकट किया। हालांकि पुलिस ने स्थिति को संभालने का काफी प्रयास किया, लेकिन स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। लोगों ने ट्रक में आग लगाने का भी प्रयास किया। जिसे समय रहते विफल कर दिया गया। घटनास्थल पर बीडीओ व सीओ के साथ-साथ दल बल के साथ थानाध्यक्ष के अलावा एसडीओ व एसडीपीओ भी पंहुचे। जहां अधिकारियों ने स्थिति को काबू करने का काफी प्रयास किया। इस क्रम में लगभग 4 घंटे तक उहापोह की स्थिति के बीच अंत में लाश को उठाने की प्रक्रिया के दौरान शरारती तत्वों ने रोड़ेबाजी भी की। बावजूद इसके परिजनों को बीडीओ ने पारिवारिक लाभ के तहत 20 हजार रुपए का चेक तथा मुखिया राधा देवी द्वारा कबीर अंत्येष्टि के मद में तीन तीन हजार रुपए राशि दी। जिसके बाद दोनों शवों को उठाया गया।



### आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया गया माहवारी स्वच्छता दिवस, बच्चियों व युवती को दी गई जानकारी

**डुमरांव।** माहवारी स्वच्छता को लेकर बाल विकास परियोजना ने जागरुकता अभियान चलाया। इसके माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों पर अभियान चलाया गया। सीडीपीओ नीरू बाला ने बताया कि 28 मई को माहवारी स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य 15 से 24 वर्ष की आयु की किशोरियों, महिलाओं के बीच सभी सुरक्षित तरीके से माहवारी प्रबंधन को बढ़ावा देना है। इसके आलोक में समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका व आंगनबाड़ी सेविका प्राथमिकता के तौर अपने-अपने केंद्र पर माहवारी स्वच्छता के महत्व के बारे में उपस्थित बच्चियों को जानकारी दिया। हाथों पर लाल बिन्दु का निशान बनाकर दे रही है। नुआंव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 47 पर सेविका लीलावती देवी की अध्यक्षता में माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस दिवस पर पोषक क्षेत्र के बच्चियां व युवती इसके बारें में जानकारी दी गई। महिला पर्यवेक्षिका फिरोजा बानो, रीता कुमारी, उषा कुमारी के अलावे प्रखंड समन्वयक सुनीता कुमारी ने विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर दिवस पर शामिल हुई।



## खबरें फटाफट

### मामूली विवाद में बरूहां में चली गोली, एक जख्मी

**ब्रह्मपुर।** बुधवार को बगेन थाना क्षेत्र के बरूहा गांव रणक्षेत्र में तब्दील हो गया था। एक मामूली बात पर दो पक्षों के बीच जमकर गोलीबारी हुई हैं, जिसमें एक पक्ष के एक व्यक्ति को जांघ में गोली लगी हैं। रघुनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया गया हैं। जख्मी की पहचान सुरेन्द्र चौधरी के रूप में हुई हैं जो बरूहां के अर्जुन चौधरी के रिश्तेदार हैं। जानकारी के अनुसार अर्जनु चौधरी व रामेश्वर चौधरी के परिवार के बीच एक सीढ़ी बनाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। देखते ही देखते यह विवाद हिंसक रूख अख्तियार कर लिया। जिसमें दोनों पक्षों से गोलीबारी किए जाने की सूचना हैं। इस गोलीबारी में अर्जुन चौधरी के दामाद को गोली लगी हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया हैं। फिलहाल गांव में पुलिस कैंप कर रही है। एसपी मनीष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति को गोली लगी है, जबकि एक को गिरफ्तार किया गया हैं।

### मामूली विवाद में मारपीट, सात पर एफआईआर दर्ज

**सिमरी।** मंगलवार की देर शाम सिमरी थाना क्षेत्र के एकौना गांव में एक किसान को मामूल बात पर मारपीट कर जख्मी करने कर दिया गया है। जख्मी किसान अभिषेक राय का इलाज स्थानीय सीएचसी में कराया गया। पीड़ित ने इस मामले में स्थानीय थाने में सात लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि वह मकई के खेत के समीप खड़ा था इसी दौरान नामजद लोग वहां पहुंचे तथा लोहे के फरसा से सर पर वार कर जख्मी कर दिया। अन्य नामजद भी अपने हाथों में लिए लाठी व लोहे की रड से मारने पीटने लगे।

# डीएम ने आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराने का दिया निर्देश

- डीएम ने डुमरांव निकाय चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की
- अनुमंडल कार्यालय में बैठक कर दिए कई निर्देश

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बुधवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने डुमराव नगर परिषद चुनाव के तैयारियों की समीक्षा की। अनुमंडल कार्यालय में निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ कुमार पंकज तथा अन्य मातहतों के साथ बैठ डीएम ने निकाय चुनाव की तैयारियों एवं विधि व्यवस्था संधारण की समीक्षा की। समीक्षा के के दौरान डीएम ने एसडीओ कुमार पंकज तथा एसडीपीओ अफाक अंसारी को आदर्श आचार संहिता के नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराने, एसएसटी एवं एफएसटी के द्वारा निरंतर निगरानी कराने, नियमानुकूल 107, 116 की कार्रवाई करने तथा सीसीए का प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। वही ईवीएम की उपलब्धता, एफएलसी एवं कमिशनिंग की समीक्षा की गई।

**राज हाई स्कूल पहुंच लिया सुरक्षा का जायजा:** बता दें कि निकाय चुनाव में राज हाई स्कूल डुमरांव से ईवीएम का वितरण किया जाएगा। इसके लिए डीएम खुद राज हाई स्कूल पहुंच सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिये और जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम का वितरण पारदर्शी तरीके से होना चाहिए। वही इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रखने को कहा।

**मतदान केन्द्रों पर सुविधाएं मुहैया कराने का दिया निर्देश:** डीएम ने डुमरांव नगर परिषद अंतर्गत 35 वार्डो के 85 मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर साफ सफाई करने, शेड की व्यवस्था करने, पेयजल की व्यवस्था, ओआरएस एवं जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निर्वाचन कार्य से संबंधित कर्मियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 4 और 5 जून को दिया जाएगा। जिला पदाधिकारी महोदय ने निवार्ची पदाधिकारी को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण कराना सुनिश्चित करने और प्रशिक्षण में स्वयं भी उपस्थित रहने का निर्देश दिया। छठिया पोखर अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 28-1, 28-2, 28-3 के मूलभूत सुविधाओं का भौतिक निरीक्षण किया और संबंधित पदाधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिया।

**9 जून को होना है मतदान:** बता दें कि डुमरांव नगर परिषद के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन तथा 35 वार्डों के वार्ड पार्षद पद के लिए 9 जून को मतदान होना हैं। जबकि मतगणना 11 जून को की जाएगी। चुनाव को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए प्रशासन काफी सर्तक हो गया हैं। डीएम ने बताया कि निकाय चुनाव को पारदर्शी तरीके से तथा शांतिपूर्ण संपन्न कराना हैं। इसके लिए आवश्यक तैयारियों को समय रहते पूरा करने का निर्देश उन्होंने एसडीओ व एसडीपीओ को दिया। वही एसडीओ कुमार पंकज ने कहा कि चुनाव कड़े सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। ताकी मतदाताओं व मतदान कर्मियों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## चुनाव में शराब का खेल रोकने के लिए प्रशासन सख्त, लोगों से सहयोग की अपील

# मतदाताओं को लुभाने के लिए दी जा रही शराब तो घर बैठें करें शिकायत

- व्हाट्सऐप नंबर पर भी शराब तस्करों की सूचना दे सकते हैं लोग, पहचान रहेगी गुप्त
- पुलिस ने शराब तस्करी की जड़ तक पहुंचने के लिए ईजाद किया है नया तरीका

**केटी न्यूज/डुमरांव**




डुमरांव नगर परिषद चुनाव का बिगुल बजते ही डुमरांव व नया भोजपुर ओपी की पुलिस शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने को लेकर अपनी रणनीति बनाने में जुट गयी है। इस बार चुनाव में पुलिस किसी भी हाल में शराब और शराब के तस्करों को बख्शने के मूड में नही है। वोटरों को शराब व अन्य प्रलोभन देने वालों के खिलाफ पुलिस महकमा ने एक खास पहल शुरू की है। शराब तस्करों या अन्य किसी तरह की शिकायत अब लोग घर बैठे अपने क्षेत्र के थानाध्यक्ष से कर सकते हैं। इसके लिए पुलिस-प्रशासन ने व्हाट्सऐप नंबर जारी किया है। विभाग पुलिस-पब्लिक मैत्री का बढ़ावा देकर आम लोगों को इस अभियान से जोड़ेगी। लोगों को तव्वजो देकर पुलिस ने शराब तस्करों की जड़ तक पहुंचने के लिए नया तरीका ईजाद किया है। पुलिस की इस अभियान में अनुमंडल के हर थानाध्यक्ष शामिल रहेंगे। पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा और पुलिस इस अभियान में आम लोगो को जोड़ने की पहल तेज करेगी। पुलिस-प्रशासन शिकायत करने वाले लोगों का नाम और नंबर गुप्त रखेगी। किसी भी तरह के मैसेज आते ही पुलिस की टीम कार्रवाई शुरू कर देगी। पुलिस शराब तस्करों पर नकेल कसने के लिए जो मास्टरप्लान तैयार किया है उस प्लान के तहत होम डिलीवरी करने वाले धंधेबाज आसानी से पुलिस की गिरफ्त में होंगे। लोगों के जागरूक बनने से ऐसे धंधेबाजों पर लगाम लगेगी और पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा। कहीं से भी आम लोग होम डिलीवरी करने वाले धंधेबाजों को चिन्हित कर अपने मोबाइल के जरिये व्हाट्सऐप का इस्तेमाल करेंगे और पुलिस को उनकी जानकारी देंगे। पुलिस उनकी पहचान गोपनीयता रखेगी।

### दो माह में सैकड़ों लीटर शराब हुआ जब्त

पुलिस ने चुनाव को लेकर सख्ती बरती है और शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। आंकड़े बताते है कि डुमरांव व नया भोजपुर ओपी के इलाके में दो माह के अंदर सैकड़ो लीटर देसी और विदेशी शराब को पुलिस ने बरामद करने में सफलता पायी हैं। यह शराब तस्करों द्वारा वोटरों को प्रलोभन देने के लिए लाया गया था। हालांकि आलाधिकारियों द्वारा इलाके में शराब के खिलाफ सर्च अभियान भी शुरू हैं।

### शराब बांटने वाले प्रत्याशियों की जाएगी उम्मीदवारी

चुनाव के दौरान शराब तस्करी रोकने के लिए पुलिस काफी सतर्क है। इस दौरान तस्करों के साथ ही प्रत्याशियों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही हैं। वोटरों को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए शराब मुहैया कराने वाले प्रत्याशियों की उम्मीद्वारी भी जा सकती है। इसको लेकर प्रशासन काफी सख्त हो गया है। प्रशासन द्वारा प्रत्याशियों की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाई गई है, ताकी वे शराब परोस प्रत्याशियों को अपने पक्ष में गोलबंद नहीं कर सकें। प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो ऐसे प्रत्याशियों की उम्मीद्वारी भी जा सकती हैं।

### पुलिस-पब्लिक मैत्री से मिलेगी सफलता

प्रशासन द्वारा पुलिस-पब्लिक मैत्री की जागरूकता से प्रशासन को सफलता मिलेगी। पुलिस के प्रति लोगों को विश्वास होगा और छोटे या बड़े शराब तस्करों को पकड़ने में आसानी होगी। इस नेटवर्क में जो भी लोग होंगे उसे किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा।

**-अफाक अंसारी, एसडीपीओ डुमरांव**

## एक नजर

### फ्लावर मिल ले जाने के नाम पर गल्ला व्यवसायी का एक ट्रक गेहूं ट्रांसपोर्टर ने कर दिया गायब

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के स्थानीय छोटका पड़ाव निवासी व गल्ला व्यवसायी रामेश्वर साहू का गेहूं फ्लावर मिल में पहुंचाने बदले ट्रांसपोर्टर व ट्रक चालक ने मिल बीच में ही गायब कर दिया है। ट्रक पर 30 टन 90 किलो गेहूं लदा था, जिसकी कुल कीमत 7 लाख 40 हजार 914 रूपए हैं। पीड़ित गल्ला व्यवसायी ने इस मामले में टांसपोर्टर, ट्रक मालिक, चालक तथा 7-8 अज्ञात लोगों पर अपना गेहूं गायब करने तथा पूछने पर जान मारने की धमकी देने का अरोप लगा स्थानीय थानें में मामला दर्ज कराया हैं। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि वह गल्ला व्यवसायी है तथा 23 मई 2023 को अपना गेहूं पूजा फ्लावर मिला दीघाघाट, दानापुर पटना पहुंचाने के लिए अहिरौली रोड बक्सर के ट्रांसपोर्टर जगदंबा चौधरी से संपर्क किया। उन्होंने सिमरी थाना क्षेत्र के राजापुर नवरंग राय के डेरा निवासी ट्रक मालिक आप नारायण ठाकुर पिता सुरेन्द्र ठाकुर, ट्रक चालक एकौना के राहुल राय पिता वशिष्ठ राय से संपर्क करया और बोला कि ये लोग ईमानदार हैं तथा आपका गेहूं पारदर्शी तरीके से फ्लावर मिल तक पहुंचा देंगे। उनलोगों के साथ 60 रूपए प्रति क्वींटल के हिसाब से भाड़ा तया हुआ। अगले दिन 24 मई को आप नारायण ठाकुर का ट्रक चालक राहुल एक अन्य व्यक्ति के साथ मेंरे गोदाम पर आया। मैंने गेहू लदवाने के साथ उसे 5 हजार रूपए एडवांस भी दिए। वह बोला था कि 25 मई को सुबह 8 बजे तक गेहूं को पूजा फ्लावर मिल तक पहुंचा देगा। लेकिन जब शाम तक मेरा गेहूं फ्लावर मिल नहीं पहुंचा तो मैने जगदंबा चौधरी से संपर्क किया, तब उसने कहा कि चालक से बात हुई है आपका गेहूं अगले दिन पहुंच जाएगा। लेकिन जब अगले दिन भी गेहू नहीं पहुंचा तो मैं 27 मई को राजापुर नवरंग राय के डेरा गांव स्थित आप नारायण ठाकुर के घर अपने पुत्रों राजीव रंजन गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता तथा प्रमोद कुमार पिता बिंदेश्वरी राय के साथ पहुंचा तो वहा पहले से ही जगदंबा, राहुल समेत 7-8 लोग अज्ञात बैठे थे। जब मैने अपने गेहू के बारे में पूछा तो आप नारायण ने कहा कि तुम्हारा गेहू हमलोग दूसरे जगह बेच दिए हैं। यहा से भाग जाओ नहीं तो तुम्हारी जान मार देंगे।

### जंगलीनाथ मंदिर के समीप मिला अधेड़ का शव, पहचान में जुटी पुलिस



**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जंगलीनाथ शिव मंदिर के समीप बुधवार की सुबह सुनसान जगह पर एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने के बाद खलबली मच गयी। जंगल की आग की तरह यह खबर पूरे शहर में फैल गई। वहा बड़ी संख्या में लोग जुट गए थे। किसी ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को भी दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। पुलिस के द्वारा विभिन्न साइबर सेनानी के ग्रुप में अधेड़ व्यक्ति के शव को पोस्ट करने के बाद पहचान की कोशिश की जा रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को राहगीरों के माध्यम से सूचना मिली कि जंगलीनाथ शिव मंदिर के समीप सुनसान जगह पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हैं। यह सूचना आग की तरह फैल गयी और काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गये। हालांकि किसी के द्वारा पहचान नहीं किया गया।

### दो दिनों से खराब है शक्ति द्वार का पंप गृह, गहराया पेयजल संकट, लोगों में आक्रोश



**डुमरांव।** डुमरांव शक्ति द्वार रोड स्थित पीएचईडी का पंप हाउस पिछले दो दिनों से खराब पड़ा है। आपूर्ति ठप होने से इस पंप गृह से जुड़े लोगों के समक्ष इस भीषण गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या गहरा गई हैं। लोगों का कहना है कि अक्सर इस पंप गृह का मोटर खराब होने से आपूर्ति बाधित होती है। वहीं दो दिनों से एक बूंद पानी भी नहीं आया हैं। जिस कारण शक्ति द्वार के साथ ही मतहिया नीम, नथुनी के बाग, चौक रोड सहित एक बड़ी आबादी वाले इलाके में जलापूर्ति ठप हैं। जलापूर्ति ठप होने से लोगों को पेयजल के लिए दूसरे मोहल्लों में जाना पड़ रहा हैं। सबसे अधिक परेशानी वैसे लोगों को हो रही हैं जिनके घर में पेयजल का कोई दूसरा साधन नहीं है तथा उन्हें इस मोटर पंप पर निर्भर रहना पड़ता हैं। इस संबंध में जेई रवि कुमार ने कहा कि गुरूवार को मिस्त्री जांच करने जाएगा। उन्होंने कहा कि पंप गृह में आई खराबी को दुरूस्त करा जल्दी आपूर्ति बहाल कराई जाएगी।

### नावानगर के चार पूर्व वार्ड सदस्यों पर राशि गबन का दर्ज हो सकता है मामला

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के चार पंचायतों के पूर्व चार वार्ड सदस्यों पर सात निश्चय योजना में से एक योजना की राशि गबन का मामला सामने आने लगा है। इसको लेकर प्रखंड कार्यालय द्वारा एफआईआर दर्ज की करवाई शुरू की गई है। बीडीओ मनोज कुमार ने बताया कि सात निश्चय योजना के तहत नल - जल योजना में प्रखंड के चार पंचायत परमानपुर , आथर, बेलहरी व भटौली के चार पूर्व वार्ड सदस्यों द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किए हैं। जबकि राशि की निकासी कर गबन कर लिया गया है। इस पर बार -बार नोटिस दिए जाने के बाद भी राशि जमा नहीं कर रहे हैं। इन वार्ड सदस्यों को अंतिम नोटिस जारी कर 48 घंटे का समय दी गई है। निर्धारित समय पर राशि नहीं लौटते तो इन पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। बीडीओ मनोज कुमार ने बताया कि चार पंचायत के पूर्व वार्ड सदस्यों द्वारा की गई राशि गबन मामले में परमानपुर पंचायत के वार्ड नंबर 9 के पूर्व वार्ड सदस्य से 984530 रु., आथर पंचायत के वार्ड नंबर 10 के पूर्व वार्ड सदस्य से 247300 रु., बेलहरी पंचायत के वार्ड नंबर 7 के पूर्व वार्ड सदस्य से 666763 रु. तथा भटौली पंचायत के वार्ड नंबर 3 के पूर्व वार्ड सदस्य से 86018 रूपया वसूली करनी है।

## ई रिक्शा-पिकअप की टक्कर में बुझ गया घर का इकलौता चिराग

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय थाना क्षेत्र के कोरानसराय-नारायणपुर मुख्य मार्ग पर बुधवार की सुबह मठिला गांव के छलका के पास तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से ई-रिक्शा पुलियां के नीचे पलट गयी। जिसमें दबकर एक किशोर की मौत हो गयी और इस पर सवार किशोर की मां और बहनें घायल हो गयी। घटनास्थल पर रोने-चिल्लाने की आवाज सुन जब तक लोग बचाने के लिए पहुंचे तब तक चालक अपनी पिकअप छोड़कर फरार हो गया। आनन-फानन में सभी को पास के अस्पताल में पहुंचाया गया लेकिन चिकित्सकों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया जबकि इस दुर्घटना में मामूली रूप से चोटिल मां और बहनों को इलाज के बाद अस्पताल से घर भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मठिला गांव निवासी राजेश कानू के इकलौते पुत्र जीतू कुमार (10) अपनी मां और बहनों के साथ मंगलवार को लहना गांव स्थित अपने मामा के घर मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था। बुधवार की सुबह ई रिक्शा से अपने गांव मठिला लौटने के दौरान मठिला छलका के पास कोरानसराय की ओर से तेज रफ्तार आ रही पिकअप से टक्कर होने के बाद ई-रिक्शा पुल के नीचे पलट गयी और किशोर के दबने से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी किशोर मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीत्कार मच गया।

## सेक्स रैकेट संचालन मामले में कलावती लॉज सील





**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के कलावती लॉज में सेक्स रैकेट संचालित होने की पुष्टि होने के बाद बुधवार को प्रशासन द्वारा उसे सील कर दिया गया हैं। वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर बतौर मजिस्ट्रेट कार्यपालक दंडाधिकारी सरफराज नवाज के नेतृत्व में आरक्षी निरीक्षक विमल दास व डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम द्वारा लॉज को सील करने की कार्रवाई की गई।

इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद थी। बता दें कि गुप्त सूचना पर 25 मई को स्थानीय प्रशासन द्वारा इस लॉज में छापेमारी की गई थी। जिसमें लॉज के तीन अलग-अलग कमरों से तीन जोड़े आपत्ति जनक अवस्था में पकड़े गए थे। इसके बाद प्रशासन ने तीनों युवतियों के साथ ही ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के पोखरहा के विवेक कुमार पिता काशीनाथ साह, कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिला निवासी बिरेन्द्र यादव पिता श्रीभगवान यादव तथा मुरार थाना क्षेत्र के फफदर गांव निवासी संतोष राम पिता अवधनारायण राम के साथ ही लॉज संचालक व पूर्व वार्ड पार्षद विजय चौधरी, उनके पुत्र अनुराग चौधरी तथा एक कर्मी योगेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया था। वही इस घटना की चर्चा पूरे शहर में हो रही थी। शहर के बीच तथा डुमरांव थाना से महज 200 मीटर के अंदर संचालित इस लॉज में सेक्स रैकेट संचालित होने की खबर मिलते ही शहरवासियों में आक्रोश गहरा गया था। लोग संचालक पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

## केन्द्रीय मंत्री ने मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल की गिनाईं उपलब्धियां

# केंद्र की योजनाओं से बक्सर का हो रहा चहुंमुखी विकास: अश्विनी चौबे

**केटी न्यूज/बक्सर**



प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के 9 साल पूरा होने पर भाजपा उनके कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनवा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को केन्द्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने नौ साल बेमिसाल पर प्रेस वार्ता आयोजित कर केन्द्र सरकार व पीएम मोदी की उपलब्धियों को गिनवाया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर केन्द्रित एक नए और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को समर्पित रहे हैं। उनके नेतृत्व में बक्सर का भी चहुंमुखी विकास हो रहा हैं। उन्होंने बताया किम चौसा में पावर प्लांट, पटना से बक्सर फोरलेन जैसी कई योजनाएं मील का पत्थर साबित हो रही हैं। जो जिले के विकास में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाईवे पर देवकुली से बक्सर के बीच 7 फुट ओवर ब्रिज का निर्माण होगा। पटना से बक्सर होते हुए दिल्ली की पहुंचने की समय कम हो गई है। पटना से बक्सर आने में 6 से 7 घन्टे बाई रोड लग जाता था, जो घट कर 2.30 से 3 घन्टे हो गया है। चौसा पावर प्लांट से बक्सर सहित पूरा शाहाबाद ही नहीं बल्कि उत्तरप्रदेश, बिहार के अन्य जिलों को बिजली तथा रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस महात्वाकांक्षी योजना से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 10 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। देश में चावल का पहला बनकर तैयार साइलो गोदाम इटाढी एवं कैमूर में अगले कुछ महीने में शुरू हो जाएगा। गंगा पर पुल से उत्तरप्रदेश आना जाना आसान हुआ है। कैमूर में टाइगर रिजर्व हो, इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए है। मां मुंडेश्वरी के दर्शन के लिए रोपवे को मंजूरी दे दी गई है। डुमरांव में मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, गोकुल धाम की सौगात दी गई है। इटाढ़ी, डुमरांव में आरओबी व एफओबी आदि का कार्य हो रहा है। बिहार का पहला कैंसर डिटेक्शन सेंटर बक्सर में शुरू किया गया। इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग कॉलेज की सौगात दी गई। रामरेखा घाट पर लाइट्स एंड साउंड को फिर से शुरू किया जा रहा है। रामायण यात्रा ट्रेन से श्रीराम की कर्मभूमि को जोड़ा गया है। बक्सर का रेलवे स्टेशन विश्व स्तरीय होगा। इसके साथ ही संसदीय क्षेत्र के अन्य स्टेशनों का भी जीर्णोद्धार होगा।

पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भोला सिंह, महामंत्री निर्भय राय, शेषनाथ पाठक, नंदजी सिंह, पुनीत सिंह, कार्यक्रम सह संयोजक अमरेंद्र पाण्डेय, जिला मंत्री अजय तिवारी, रेखा देवी, धनंजय राय, कार्यक्रम संयोजक कृष्ण कुमार सिंह, नवीन राय, ज्वाला सैनी, ककु वर्मा, राजीव वर्मा, विनय उपाध्याय, नितिन मुकेश आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# रेवती में खेत में मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के रेवती थाना क्षेत्र अंतर्गत हड़िहा कला के छतीसा गांव में बुधवार के दिन युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर,फॉरेंसिक और सर्विलांस टीम के साथ पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गये। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मामले में पुलिस दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।





रेवती थाना क्षेत्र के हड़िहा कला के छतीसा गांव निवासी संतोष यादव (40) मंगलवार की रात बरात में नाच देखने के लिए गया था, लेकिन लौटा नहीं। संतोष का शव बुधवार को घर से कुछ दूर चकरोड के किनारे एक खेत में मिला। इससे इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। युवक के शव मिलने की सूचना पर रेवती एसएचओ हरेंद्र सिंह पहुंच गये।मृतक संतोष के भाई बब्लू यादव ने बताया कि नाच देखने गए मेरे भाई की हत्या की गयी है।उनके कमर के निचले हिस्से,गर्दन तथा सिर पर चोटें थीं।उनका शव हाफ पैंट पहने गांव के सम्पर्क मार्ग के नीचे एक खेत में पड़ा था।

फॉरेंसिक और सर्विलांस टीम के साथ पहुंचे पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने बताया कि शव की शिनाख्त हो गयी है। मामले की जांच-पड़ताल चल रही है। परिजनों से बातचीत के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। शव की सूचना के बाद मृतक के परिजनों में चीख चीत्कार मच गई।मृतक की पत्नी रीना,मां ललिता देवी का रोते रोते बुरा हाल था।संतोष चार भाइयों में सबसे बडा. था।उसके बाद उसके भाई सुशील,बब्लू,रूपेश उर्फ हिरन हैं।मृतक राज मिस्त्रियों के साथ लेबर का काम किया करता था।उसके दो सन्तानें बड़ा पुत्र है निरन्जन (10 वर्ष) तथा छोटी संतान पुत्री है जिसका नाम लक्ष्मी (7 वर्ष) है।मृतक के पिता किसुन यादव द्वारा तहरीर दी गयी है।

## तहसील प्रशासन द्वारा महंगे रेट रखने से नहीं हुई आमों की नीलामी

**गाजीपुर।** सांसद अफजाल अंसारी के नाम से भांवरकोल ब्लॉक के धनेठा गांव में कुर्क की गई बेनामी संपत्ति में से 10 बीघा में लगे आम के बगीचे के फलों का नीलामी तहसील सभागार मुहम्मदाबाद में नायब तहसीलदार विश्राम यादव की देख-रेख में शुरू की गई। इस नीलामी की प्रक्रिया में गांव सहित अगल-बगल के काफी संख्या में व्यापारी एवं अन्य लोगों ने भाग लिया। बगीचे में कुल 70 पेड़ आम के लगे हैं। जिसमें से सिर्फ 47 पेड़ों पर आम के फल लगे थे। जिसकी नीलामी की तैयारी की गई थी। अनुमानतः कुल 179 कुंतल फल की नीलामी होनी थी। इसकी बोली के लिए सरकारी कीमत ?3,58000 रखी गई। तहसील प्रशासन द्वारा नीलामी के लिए लगाए गए फलों के महंगे एवं ऊंचे रेट को देखकर आए हुए सभी गांव से किसान एवं व्यापारी भाग खड़े हुए। ग्रामीणों का कहना था कि तहसील प्रशासन इस नीलामी प्रक्रिया को उलझा कर रखना चाहती है। इसीलिए कच्चे आम का रेट इतना ऊंचा रखना कहीं से मुनासिब नहीं है। लोगों ने बताया कि बगीचे में छोटे बीजू फल से लेकर लंगड़ा दशहरी सभी प्रकार के आम लगे होते हैं और उसे उसकी तोड़ाई फिर छटाई इसके बाद उसे पकाया जाता है। इसके बाद उसे मार्केट में ले जाकर व्यापारी फुटकर रेट में छोटे दुकानदारों को देते हैं।

### वित्त पोषित आत्म निर्भर कृषक समन्वित विकास योजना की समीक्षा को लेकर बैठक

# एफपीओ निदेशक और सीबीबीओ मार्केट की मांग के अनुसार बनाएं बिजनेस प्लान: डीएम

**केटी न्यूज/बलिया**

बुधवार को पूर्व निर्धारित सूचना के अनुसार कलेक्ट्रेट सभागार में उप्र शासन द्वारा वित्त पोषित आत्म निर्भर कृषक समन्वित विकास योजनान्तर्गत यूपी डास्प के द्वारा जनपद में लक्षित 11 विकास खण्ड (दुबहड़, बेलहरी बैरिया, बेरूआरवारी, चिलकहर, नवानगर, सीयर, गड़वार, पन्दह, हनुमानगंज एवं रेवती) में गठन किया जाना है। जिसका जिला अनुश्रवण समिति द्वारा अनुमोदन का प्रस्ताव जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अनुमति से उप कृषि निदेशक इन्द्राज द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिस पर समिति द्वारा व्यापक चर्चा के उपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक के पूर्व में भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित 10000 एफपीओ गठन योजना अन्तर्गत जनपद से विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं जैसे नाबार्ड, यूपी डास्प, एसएफएसी, नेफेड, सहकारिता विभाग द्वारा गठित 15 एफपीओ द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी गठित एफपीओ के निदेशक व सीबीबीओ को क्षेत्र व मार्केट की मांग के अनुसार बिजनेस प्लान बनाने हेतु निर्देशित किया गया।





■ जिलाधिकारी ने जैविक उत्पादों के प्रचार के लिए वाहन को किया रवाना

बैठक के अन्त में यूपी डास्प द्वारा गठित एफपीओ महर्षि भृगुबाबा जैविक फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड दुबहड़ के द्वारा नमामि गंगे योजना अन्तर्गत की जा रही जैविक खेती से उत्पादित जैविक उत्पाद के प्रचार वाहन का जिलाधिकारी द्वारा झण्डी दिखाकर (फलैग आफ) रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला परियोजना समन्वयक यूपीडास्प बलिया, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, मार्क एग्री के स्टेट प्रभारी, सहित समिति के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## 15 दिनों के अंदर बसों के विश्राम स्थल व पार्किंग की व्यवस्था करे नगर पालिका



**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में ली। बैठक में ब्लैक स्पॉट के सुधारीकरण, ट्रैफिक कॉमिंग मेजर्स और गति सीमा संकेतक चिन्हों को मानक अनरूप लगाए जाने पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने पीडी के द्वारा बैठक में न आने और ब्लैक स्पॉट के संबंध में उनके द्वारा कोई सुधार न करने पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग से बैठक में कोई अधिकारी उपस्थित न होने पर उनसे स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित कोई कार्यवाही ना होने पर घोर आपत्तिजनक बताया और उन्हें अगली बैठक के पूर्व कार्यवाही ना होने पर उत्तरदायित्व निर्धारित करने का निर्देश दिया। बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन विद्यालयो में बसे चल रही है वहां पर समिति का गठन किया जाए।

नगर पालिका ईओ से बसों के विश्राम स्थल और पार्किंग की कोई व्यवस्था ना करने पर उन्हें 15 दिनों के अंदर स्थलों को चिन्हित करके उन्हें अवगत कराने को कहा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ओवर लोडिंग वाहनों की चेकिंग की जाए। बैठक में लोक निर्माण विभाग, प्रवर्तन, नगर विकास विभाग, शिक्षा विभाग और परिवहन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# रेवतीपुर पहुंचे अधिकारी, अब बलुआ टोला के लोगों को जलजमाव से मिलेगी निजात

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर गांव के बलुआ टोला में पिछले एक साल से जलजमाव की गंभीर समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों द्वारा किए गए शिकायत को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने काफी गंभीरता से लिया है। उनके निर्देश पर डीडीओ सुबाष चंद्र, एसडीएम राजेश प्रसाद चौरसिया के नेतृत्व में गठित टीम बुधवार को मौके पर धमक पडी। डीएम के निर्देश पर पहुंची टीम ने जलजमाव वाले स्थल का घंटों मौका मुआयना किया। साथ ही राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया कि चौबीस घंटे के अंदर नापजोख कर हर हाल में इस मुहल्ले से जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों की टीम के मौके पर पहुंचने की जानकारी होते ही वहाँ ग्रामीणों की भारी भीड इकठ्ठा हो गई। वहीं पहुंची टीम ने मुहल्ले के हरेक लोगों से इसकी जानकारी ली, जिसकी पूरी रिपोर्ट तैयार पर टीम ने डीएम को प्रेषित कर दिया।

बलुआ टोला के ग्रामीणों ने आए टीम के अधिकारियों को बताया कि हालत ऐसे है कि उनका रहना अब मुस्किल हो गया है। बताया कि? जलनिकासी वाले विभिन्न जगहों को गाँव के कुछ दबंग किस्म के लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। जिससे उनके घरों का पानी? मुहल्ले की प्रमुख गलियों में लगने से झील में तब्दील हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 250 घरों के 1500 



की आबादी इस जलजमाव की समस्या से जूझ रही है। पानी जमा होने एवं उससे निकलने वाले दुर्गंध ने लोगों का जीना दुश्वार कर रखा है। लोगों ने कहा कि अगर इसका निदान जल्द न हुआ तो, मुहल्ले में संक्रामक रोग के फैलने से रोका नहीं जा सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि इसको लेकर पूर्व में कई बार अधिकारियों के यहाँ शिकायत भी किया गया था, मगर मिला तो उन्हें सिर्फ कोरा आश्वासन। जिसका नतीजा कि गलियों में एक से डेढ फीट तक यह पानी पूरे मार्ग पर जमा हो गया है। इस संबंध में डीडीओ सुबाष चंद्र एवं एसडीएम राजेश प्रसाद चौरसिया ने बताया कि जल्द ही इसका निदान कर दिया जाएगा। इस अवसर पर बीडीओ सुरेन्द्र सिंह राणा, थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी, एई डीआरडीए कृष्ण मुरारी, जेई सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में जनपद के खिलाड़ियों ने जीते छह स्वर्ण समेत कुल 19 पदक

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

कानपुर में हुए राज्य स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने छह स्वर्ण पदक सहित कुल 19 पदक जीतकर एक बार पुनः गाजीपुर का नाम पूरे प्रदेश में रौशन किया है। उत्तर प्रदेश ताईक्वांडो के महासचिव डॉ. रजत आदित्य दीक्षित ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन और इंडिया ताईक्वांडो से मान्यता प्राप्त उक्त प्रतियोगिता का उद्देश्य यह है कि हमारे द्वारा प्रदेश के समस्त भार वर्गों व उम्र वर्ग के खिलाड़ियों के लिए एक ऐसा मंच दिया जाए, जहां हर किसी को खेलने का अवसर प्राप्त हो सके। इसके जरिए आगामी प्रदेशीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए अपने खिलाड़ियों का मूल्यांकन किया गया। कानपुर में 26 से 29 मई तक चले प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि प्रदेश में गाजीपुर के खिलाड़ियों 



का स्थान शीर्ष खिलाड़ियों में है।

गाजीपुर ताईक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अमित कुमार सिंह ने बताया कि उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले से सदर स्थित ग्लोइंग स्टार ताईक्वांडो क्लब, एसएस ताईक्वांडो क्लब जमानियां, गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी गैबीपुर और सैदपुर की टीमों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। जिले का नेतृत्व करते हुए विभिन्न उम्र व भार वर्गों में खुशी मोदनवाल, तेजस्विनी प्रजापति, हर्ष सिंह, ऋषि राय, सिद्धार्थ सिंह कुशवाहा और नेहा राय ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं विशाल कुमार, बुलंदी शर्मा, अल्का मौर्या, प्रतीक मौर्या, विजय यादव, गोविंद यादव और नव्या यादव ने फाइनल तक का सफर पूरा करते हुए रजत पदक जीता। इसके अलावा शुभम यादव, प्रांशु शर्मा, अर्पिता रावत, ऋषू यादव, राजा कुशवाहा और अभिनव मोदनवाल ने सेमीफाइनल तक का सफर पूरा करते हुए कांस्य पदक जीता। गाजीपुर ताईक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सिंह ने कहा कि कानपुर से टीम के वापस जिले में आने पर सभी पदक विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया जाएगा।

### वन स्टॉप शॉप के माध्यम से किसानो को मिलेगी विभिन्न प्रकार की सुविधाएं

# जनपद के 46 एग्री जंक्शन के लिए भौतिक लक्ष्य आवंटित

**केटी न्यूज/बलिया**

जिले में वर्ष 2023-24 में 46 एग्री जंक्शन के भौतिक लक्ष्य आवटिंत किये गये हैं। जिसमें ह्यह्यवन स्टाप शापह्यह्य किसानों के लिये एग्री जंक्शन के रूप में कार्य करेगा जिसके अन्तर्गत कृषकों को विभिन्न सुविधायें प्राप्त होगी। जिसमें उच्च गुणवत्ता के बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, माईक्रोन्यूट्रिएन्ट्स, वर्मी कम्पोस्ट, कीटनाशक तथा जैव कीटनाशकों सहित समस्त कृषि निवेशों की आपूर्ति, प्रसार सेवाये 



तथा कृषि प्रक्षेत्र निर्देशन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर संस्तुत उर्वरक एवं खाद की संतुलित मात्रा के बारे में किसानों को मार्ग-दर्शन देना, लघु कृषि यंत्रों को किराये पर उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था, नवीन तकनीकी की जानकारी, विभिन्न कृषि योजनाओ जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि के सम्बन्ध में परामर्शी सेवाए दिये जाने एंव प्रचार हेतु एग्रीजक्शन केन्दो पर एलसीडी/एवी एआईडीएस लगाये जाने की व्यवस्था।

उप कृषि निदेशक इंद्राज ने बताया है कि उप्र शासन द्वारा पात्रता निर्धारित की गयी है। जिसमें जनपद का निवासी हो, कृषि स्नातक/कृषि व्यवसाय प्रबन्धन स्नातक/स्नातक जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों यथा- उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशुचिकित्सा, मुर्गीपालन एवं इस तरह की गतिविधियां जो किसी राज्य व केन्द्रीय विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालयों से डिग्रीधारी है, जो आईसीएआर/यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त हों, पात्र होगें। इसके अतिरिक्त उपरोक्त के अनुपलब्ध होने पर अनुभव प्राप्त डिप्लोमाधारी/कृषि विषय में इण्टरमीडिएट योग्य प्रार्थी पर विचार किया जायेगा। आयु 40 वर्ष से अनधिक, अनुसूचित जाति/जनजाति/महिलाओं को 05 वर्ष की छूट अधिकतम, पात्र अभ्यर्थियों में जिनकी जन्मतिथि पहले हो, उन्हें वरीयता दी जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित तहसील के उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी रसडा/बासडीह/ बैरिया/ सदर एंव उप कृषि निदेशक के कार्यालय से प्रार्थना पत्र का प्रारूप प्राप्त कर समस्त अभिलेखों की मूल एवं उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रति 06 जून तक स्वयं उपस्थित होकर उप कृषि निदेशक के कार्यालय में अपरान्ह 05 बजे तक जमा कर सकते है।

## एक नजर

### क्रॉसडैम नाले के कार्य का हुआ शुभारंभ, जल जमाव की समस्या से मिलेगी मुक्ति

**बलिया।** नगर के सतीश चंद्र कालेज चौराहे पर वर्षों से लंबित क्रासडैम नाले के कार्य का शुभारंभ बुधवार को नवनिर्वाचित चेयरमैन संत कुमार गुप्ता मिठाई लाल ने शुरू कराया। इस दौरान नाले को बनाने के लिए सड़क को बीच से खोदा गया। चेयरमैन ने कहा कि इसका निर्माण हो जाने से नाले का पानी सुचारू रूप से जाने लगेगा, जिससे बरसात के दिनों में सतीश चंद्र कॉलेज और काजीपुरा के आस पास के लोगों को जलजमाव का सामना नहीं करना पड़ेगा।यहां नाले का निर्माण नहीं होने से हर साल बरसात में जलजमाव हो जाता था जिससे आम अवाम को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इसका कार्य हरहाल में बरसात के पूर्व पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही एससी कालेज से मालगोदाम तक व आसपास की नालियों की सफाई का भी निर्देश दे दिया गया है। कहा कि इस बार बरसात में कहीं भी नगर में जलजमाव न हो इसके लिए अभी से हरसंभव प्रयास शुरू कर दिया गया है। नगर के सभी नालों की साफ-सफाई की विस्तृत रुपरेखा बनाई गई है। कहा कि मेरा सपना स्वच्छ बलिया सुंदर बलिया का है जिसे हरहाल में पूरा किया जाएगा। इस दौरान संजय पांडेय आदि मौजूद रहे।



### सादगी पूर्वक मनाई गई जिला पंचायत सदस्य स्वर्गीय गुलाब राजभर की 24 वीं पुण्यतिथि

**बलिया।** सिकन्दरपुर डाकबंगला के समीप स्थित बरनवाल मैरेज हाल में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रखर समाजसेवी गरीबों के मसीहा पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्व. गुलाब राजभर की 24वीं पुण्यतिथि सादगी से मनाई गई।जिस में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर ने भाग लिया जबकि पूर्व विधायक छोटेलाल राजभर विशिष्ट अतिथि रहे। गुलाब राजभर सेवा संस्थान सिकन्दरपुर के तत्वाधान में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य व विशिष्ट अतिथियों एवं अन्य मौजूद लोगों द्वारा डाकबंगला गेट पर स्थित उन के मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ हुआ।ततपश्चात वक्ताओं ने स्वर्गीय गुलाब राजभर के व्यक्तित्व एवं समाजोत्थान हेतु किये गए प्रयासों के बारे में चर्चा कर उन्हें समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े लोगों का वास्तविक हितचिंतक बताया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर ने स्व.गुलाब राजभर के जीवन से जुड़ी कुछ प्रमुख घटनाओं व प्रमुख कार्यों के बारे में बिस्तार से चर्चा किया।साथ ही कहा कि उनके आदर्शों को अपनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक छोटेलाल राजभर ने कहा कि गुलाब जी हमेशा गरीबों के उत्थान के उपायों के बारे में सोचा करते थे। उनकी सोच को आगे बढ़ाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



### मुहम्मदाबाद में बीडीसी की बैठक में विकास के मुद्दे पर सदस्यों ने उठाई आवाज

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद तहसील अंतर्गत क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक खंड विकास कार्यालय मुहम्मदाबाद के प्रांगण में बुधवार को ब्लाक प्रमुख अवधेश राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें ब्लॉक के सभी गांव के ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अलावा स्वास्थ्य विभाग बाल विकास पर योजना पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य सभी विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही पिछली कार्रवाई की पुष्टि करते हुए राज्य वित्त 15वां वित्त के अंतर्गत वर्ष 2023- 24 के नए कार्यों एवं योजना पर विचार विमर्श किया गया। उपस्थित ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने गांव की समस्याओं को आए हुए सभी अधिकारियों के समक्ष रखें। जिनका भारी बारिश है, अधिकारियों ने जवाब देकर उन सभी मामलों को निस्तारित करने का आश्वासन दिया। सबसे ज्यादा पशु चिकित्सा विभाग के कार्यालय पर अधिकारियों के अपने कार्यालय पर उपस्थित न होने की शिकायत मिली। जिस पर ब्लाक प्रमुख अवधेश राय ने प्रकरण की गंभीरता को लेते हुए तत्काल पशु डॉक्टरों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अनुराग राय सांसद प्रतिनिधि विनोद राय विधायक प्रतिनिधि राम कृत यादव बृजलाल यादव एडीओ पंचायत रवि यादव ग्राम पंचायत अधिकारी अशोक राय रामनिवास राय भानु प्रताप सिंह खंड शिक्षा अधिकारी दीनानाथ साहनी सीडीपीओ शायरा परवीन ग्राम प्रधान अश्वनी राय मनीष जायसवाल, संजीव गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।



### एक जून से 31 जुलाई तक धारा 144 लागू

**मऊ।** अपर जिला मजिस्ट्रेट भानु प्रताप सिंह दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूरे जनपद में दिनांक 01 जून 2023 से 31 जुलाई 2023 के रात्रि 11.00 बजे तक प्रभावी रहेगी। उन्होंने बताया कि जनपद मऊ में आगामी त्यौहार ईदुज्जुहा (बकरीद), मुहर्रम एवं विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत असामाजिक तथा अवांछनीय तत्वों द्वारा शान्ति भंग का प्रयास किया जा सकता है। असामाजिक तत्वों की अवांछनीय गतिविधियों से सम्पूर्ण मऊ जनपद के नगरीय व देहाती क्षेत्रों कहीं भी अथवा सम्पूर्ण जनपद में जनजीवन अस्त व्यस्त होने व लोक शान्ति के भंग होने की आशंका उत्पन्न हो गयी है। उक्त के दृष्टिगत मुझे यह भी समाधान हो गया है कि मऊ जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्र में दिनांक 01 जून 2023 से असामाजिक तत्वों की अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम हेतु अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने, अवांछित तत्वों द्वारा आपत्तिजनक नारे लगाने तथा आपत्तिजनक भाषण को रोकने एवं बिना अनुमति के 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों के एक स्थान पर एकत्र होने को प्रतिषेध करने वाली निषेधाज्ञा तत्काल जारी किया जाना अत्यन्त ही आवश्यक एवं अपरिहार्य हो गया है। ऐसी आपात स्थिति में प्रत्येक सम्बन्धित को व्यक्तिगत नोटिस देना एवं व्यक्तिगत नोटिस का तामिला तथा सुनवायी करना सम्भव नहीं है एवं एक पक्षीय आदेश निर्गत करना आवाश्यक हो गया है।

### सात दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

**गाजीपुर।** डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर में पिछले सात दिनों से चल रहे समर कैंप का मंगलवार को समापन हो गया। इस मौके पर बच्चों ने कैंप में सीखी हुई विभिन्न प्रतिभाओं को अभिभावकों और अन्य अतिथिगण के समक्ष प्रस्तुत किया। बच्चों की प्रतिभा का एक से बढ़कर एक शानदार प्रदर्शन देख अभिभावक भी आनंदित हो उठे। समर कैंप में डांस, म्यूजिक, स्किल कम्युनिकेशन, योग प्रशिक्षण, आर्ट एंड कर्फ्ट,पॉटरी, जुंबा डांस आदि सिखाए गए। समापन? कार्यक्रम के दौरान समर कैंप में हिस्सा लेने वाले बच्चों के बीच प्रमाण पत्र वितरण भी किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. प्रेरणा राय ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस कैंप के माध्यम से बच्चों ने जो सीखा उसका आगे भी वह बेहतरीन प्रदर्शन करते रहेंगे। बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार एक्टिवीटिज में प्रशिक्षण दिया गया। कैंप में बच्चों को बताया गया कि कैसे वह पढ़ाई के साथ-साथ अपनी पसंद की एक्टिवीटिज में अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।